**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**सं0** :– 03/भू0अ0नि0(4)सं0आ0(गया)–13/2024...1740... पटना, दिनांक :–26/05/2026

**आदेश**

बंदोबस्त पदाधिकारी, गया जी के पत्रांक 38 दिनांक 09.01.2026 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि श्री लव कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN13258) 04 दिनों के छुट्टी लेकर एक माह से अनाधिकृत अनुपस्थित हैं, जिसके फलस्वरूप अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा की गयी है।

प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में निदेशालय पत्रांक 633 दिनांक 23.02.2026 द्वारा श्री कुमार से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है, जिसका प्रतिउत्तर इनके द्वारा समर्पित नहीं किया गया है। इसी क्रम में बंदोबस्त पदाधिकारी के पत्रांक 134 दिनांक 23.02.2026 द्वारा यह प्रतिवेदित किया गया कि दिनांक 23.02.2026 को इनके द्वारा योगदान दिया गया है।

स्पष्टीकरण का प्रतिउत्तर समर्पित नहीं करने एवं लम्बी अवधि तक अनुपस्थित रहने के फलस्वरूप बंदोबस्त पदाधिकारी से स्पष्ट मंतव्य/अनुशंसा की मांग की गयी है, जिसका प्रतिउत्तर बंदोबस्त पदाधिकारी के पत्रांक 374 दिनांक 30.04.2026 द्वारा दिया गया है।

बंदोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन/मंतव्य की समीक्षा की गयी। बंदोबस्त पदाधिकारी का मंतव्य है कि श्री कुमार द्वारा भविष्य में अनुशासनहीनता की पुनरावृति नहीं करने का आश्वासन दिया गया है, जिसके फलस्वरूप चेतावनी के साथ आरोप मुक्त करने की अनुशंसा की गयी है।

अतः उपरोक्त के आलोक में श्री लव कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN13258) को आरोप से मुक्त किया जाता है एवं चेतावनी दी जाती है कि भविष्य में इसकी पुनरावृति होने पर संविदा नियोजन समाप्ति संबंधी कार्रवाई की जाएगी।

Suharsha 22/05/26
**(सुहर्ष भगत)**
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 03/भू0अ0नि0(4)सं0आ0(गया)–13/2024...1740... **पटना, दिनांक** :–26/05/2026

**प्रतिलिपि** :– श्री लव कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN13258), बंदोबस्त कार्यालय, गया जी को सूचनार्थ प्रेषित।

Suharsha 22/05/26
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 03/भू0अ0नि0(4)सं0आ0(गया)–13/2024...1740... **पटना, दिनांक** :–26/05/2026

**प्रतिलिपि** :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, गया जी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Suharsha 22/05/26
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 03/भू0अ0नि0(4)सं0आ0(गया)–13/2024...1740... **पटना, दिनांक** :–26/05/2026

**प्रतिलिपि** :– संबंधित प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Suharsha 22/05/26
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप